# अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | PM USHA के अंतर्गत 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' कार्यक्रम का आयोजन |
| 2. | 'स्वामित्व योजना' में राजस्थान का प्रदर्शन |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) – 2026<br>2. बीकानेर में 'आजू गूजा 2.0' उत्सव<br>3. CSU नई दिल्ली और JRRSU जयपुर के मध्य MoU<br>4. 'बवालिस्तान' (तसनीम खान की पुस्तक)<br>5. ऑपरेशन "विषाणुबाहु"<br>6. उद्योगपति मोहनलाल मित्तल का निधन<br>7. रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग की कार्यशाला : जयपुर<br>8. डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ |
| 4. | भारत की जैव अर्थव्यवस्था |
| 5. | जापान और दुर्लभ पृथ्वी खनिज |
| 6. | NPS वात्सल्य योजना |
| 7. | जलीय कृषि : भारत-इजराइल संयुक्त मंत्रिस्तरीय घोषणा |
| 8. | निर्यात तैयारी सूचकांक, 2024 |
| 9. | वैश्विक आर्थिक संभावनाएँ रिपोर्ट |
| 10. | रोजगार और सामाजिक रुझान-2026 रिपोर्ट |
| 11. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. माइकोराइजल नेटवर्क |




UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## PM USHA के अंतर्गत 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' कार्यक्रम का आयोजन

### चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस (16 जनवरी) के अवसर पर जयपुर में स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी एवं लाइव प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक :** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, उच्च शिक्षा विभाग और राजस्थान सरकार।
- **संबंधित अभियान :** इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्र सरकार के पीएम-उषा (PM USHA - प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान) एवं रूसा (RUSA – राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान) के अंतर्गत किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **कार्यक्रम का उद्देश्य :** प्रदेश के युवाओं एवं शैक्षणिक संस्थानों को स्टार्टअप एवं नवाचार संस्कृति से जोड़ना।
- इस कार्यक्रम में रूसा 2.0 (राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान - 2.0) के तहत प्रदेश में स्थापित इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेंटर्स से जुड़े स्टार्टअप्स ने भाग लिया।
- कोटा के स्टार्टअप 'एग्रोबोट' द्वारा किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु AI आधारित स्मार्ट एग्रीकल्चर इक्विपमेंट का उन्नत प्रोटोटाइप प्रदर्शित किया गया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **राजस्थान को स्टार्टअप लीडर अवॉर्ड :** नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस कार्यक्रम में उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) तथा स्टार्टअप इंडिया की तरफ से राजस्थान को मजबूत एवं गतिशील स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए 'लीडर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

**राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस:**


- प्रतिवर्ष 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया जाता है।
- इस दिवस की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी, 2016 को आयोजित 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के शुभारंभ के अवसर पर की थी।
- स्टार्टअप इंडिया का उद्देश्य भारत को नौकरी मांगने वालों के बजाय नौकरी देने वालों का देश बनाने के साथ, नवाचार को बढ़ावा देना, उद्यमिता को बढ़ावा देना और निवेश से होने वाले विकास को सक्षम बनाना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ‘स्वामित्व योजना’ में राजस्थान का प्रदर्शन

## चर्चा में क्यों?

- पंचायतीराज मंत्रालय की स्वामित्व योजना के तहत् राजस्थान में 35,955 गाँवों की डिजिटल मैपिंग पूर्ण हो चुकी है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- योजना के तहत् शीर्ष जिलों में जयपुर, झालावाड़, चित्तौड़गढ़ व नागौर आदि शामिल है। नए जिलों; जैसे - बालोतरा, ब्यावर और फलौदी आदि में सबसे कम गाँवों को डिजिटल मैप किया गया है।
- **स्वामित्व योजना का पूरा नाम :** सर्वे ऑफ विलेजेस आबादी एंड मैपिंग विद इम्प्रूवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरियाज।
- **योजना का शुभारंभ :** 24 अप्रैल, 2020 को पंचायतीराज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा।
- **उद्देश्य :** ग्रामीण लोगों को अपनी आवासीय संपत्तियों का दस्तावेजीकरण करने का अधिकार प्रदान करना ताकि वे अपनी संपत्ति का उपयोग आर्थिक उद्देश्यों के लिए कर सकें।
- **योजना का क्रियान्वयन :** पंचायती राज विभाग, भारतीय सर्वेक्षण विभाग और राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से।
- योजना के तहत् भारतीय सर्वेक्षण विभाग ड्रोन के माध्यम से राज्य के सभी गाँवों के आबादी क्षेत्रों का डिजिटल मानचित्र तैयार कर संबंधित ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करता है।
- मानचित्र के आधार पर संबंधित ग्राम पंचायत राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के तहत् संबंधित व्यक्ति को पट्टा जारी करेंगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) – 2026**<br>■ राजधानी जयपुर में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) – 2026 का आयोजन प्रस्तावित है।<br>■ इसी संबंध में राज्य में गिरदावर सर्किल स्तर पर 23 जनवरी, 2026 (बसंत पंचमी) से विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।<br>■ इन शिविरों का आयोजन 23, 24, 25 व 31 जनवरी, 2026 तथा 1, 5, 6, 7 व 9 फरवरी, 2026 को किया जाएगा।<br>■ शिविरों में विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी अधिनियम-2025 (वीबी-जी राम जी) के तहत गांवों में आवश्यक विकास कार्यों के प्रस्ताव लेने के साथ ही सॉइल हेल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना के तहत पॉलिसी वितरण, पॉलीहाउस की स्वीकृति, पशु टीकाकरण सहित कृषि एवं उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी आदि से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। |
| 2. | **बीकानेर में 'आजू गूजा 2.0' उत्सव**<br>■ 16 से 18 जनवरी, 2026 तक बीकानेर में 'आजू गूजा 2.0' उत्सव का आयोजन किया गया।<br>■ यह बच्चों के लिए आयोजित होने वाला एक उत्सव है। |
| 3. | **CSU नई दिल्ली और JRRSU जयपुर के मध्य MoU**<br>■ हाल ही में, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (CSU), नई दिल्ली और जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय (JRRSU), जयपुर के मध्य संस्कृत भाषा, भारतीय ज्ञान प्रणाली और प्रौद्योगिकी आधारित अनुसंधान में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।<br>■ JRRSU के कुलपति : प्रोफेसर मदन मोहन झा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **'बवालिस्तान' (तसनीम खान की पुस्तक)**<br>■ जयपुर में आयोजित जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में लेखिका तसनीम खान के कहानी-संग्रह 'बवालिस्तान' का विमोचन किया गया। |
| 5. | **ऑपरेशन "विषाणुबाहु"**<br>■ राजस्थान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) और आतंकवाद विरोधी दस्ता (ATS) द्वारा ड्रग्स माफिया को पकड़ने के लिए चलाया गया ऑपरेशन। |
| 6. | **उद्योगपति मोहनलाल मित्तल का निधन**<br>■ गीता मित्तल फाउंडेशन के संस्थापक एवं चेयरमैन मोहन लाल मित्तल का हाल ही में लंदन में 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया।<br>■ उनका जन्म चूरू जिले के सादुलपुर (राजगढ़) में हुआ था। वे शिक्षा, समाज सेवा एवं कौशल विकास के क्षेत्र से जुड़े थे।<br>■ मोहनलाल मित्तल, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी स्टील कंपनी आर्सेलर मित्तल के चेयरमैन लक्ष्मी मित्तल के पिता थे। |
| 7. | **रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग की कार्यशाला : जयपुर**<br>■ 15 और 16 जनवरी, 2026 को रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग (रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय) द्वारा जयपुर में "केमिकल और पेट्रोकेमिकल औद्योगिक सुरक्षा" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।<br>■ इस कार्यक्रम का आयोजन 'विकसित भारत@2047' की 100 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत किया गया।<br>■ **आयोजन स्थल :** केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (CIPET), जयपुर। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| 8. | डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ |
|---|---|
| | ■ भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मेवाड़ राजपरिवार के पूर्व सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया।<br>■ चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को ये विशेष पुरस्कार भारतीय सेना को कोविड जैसी परिस्थितियों में दो हाईटेक एंबुलेंस भेंट करने व सेना की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहते हुए पुनीत कार्य करने, समाज सेवा, शिक्षा, महिला शिक्षा, चिकित्सा, महिला स्वच्छता प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन के क्षेत्र में 9 गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स स्थापित करने के लिए प्रदान किया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## भारत की जैव अर्थव्यवस्था

### चर्चा में क्यों?

- भारत की जैव अर्थव्यवस्था ने एक दशक में 16 गुना वृद्धि कर 10 अरब डॉलर (वर्ष 2014) से बढ़कर 165.7 अरब डॉलर (वर्ष 2024) पर पहुँच गई है।

### मुख्य बिन्दु:

- **लक्ष्य:** वर्ष 2030 तक इसके 300 अरब डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है।
- **भारत की वैश्विक स्थिति:** जैव प्रौद्योगिकी में भारत का स्थान विश्व में 12वाँ, एशिया-प्रशांत में तीसरा, वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में तीसरा सबसे बड़ा और टीको के उत्पादन में पहला स्थान है।
- वर्ष 2020 तक, बाजार 4 महत्त्वपूर्ण खंडों में विभाजित है-

| खण्ड | योगदान | विवरण |
|---|---|---|
| जैव औद्योगिक | 47% | सबसे बड़ा हिस्सा जिसका नेतृत्व इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम कर रहा है, जिसने निर्धारित समय से 5 वर्ष पहले वर्ष 2025 में अपना 20% E-20 लक्ष्य हासिल कर लिया। |
| बायोफार्मा | 35% | भारत' विश्व की फार्मेसी' बना हुआ है जो WHO की वैक्सीन आवश्यकताओं की 65% आपूर्ति करता है। |
| जैव अनुसंधान और IT | 9% | AI - संचालित दवा खोज से प्रेरित होकर, सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र। |
| जैव कृषि | 8% | जलवायु प्रतिरोधी फसलों और जैव उर्वरकों पर केंद्रित। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **बायोटेक स्टार्टअप्स : वर्ष 2014 में 50 से बढ़कर वर्ष 2026 में 11,000 से अधिक हो गया है।**

**सरकार के प्रमुख प्रयास:**

1. **भारत का पहला राष्ट्रीय बायोफाउंड्री नेटवर्क: 6 बायोफाउंड्री और एक उच्च-प्रदर्शन जैव विनिर्माण प्लेटफॉर्म स्थापित किया गया, जिससे बायो E-3 नीति के तहत् देशीय जैवनिर्माण को सुदृढ़ किया सके।**
2. **जीनोम इंडिया परियोजना: जीनोम इंडिया परियोजना ने भारतीय जीनोमिक डेटा सेट के लॉन्च और FeED एवं IBDC पोर्टलों के संचालन के साथ एक राष्ट्रीय कीर्तिमान हासिल किया, जिससे 10 हजार पूर्ण जीनोम अनुक्रम वैश्विक स्तर पर सुलभ हो गए।**
3. **एक्सिओम-4 मिशन पर प्रयोग: अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (एक्सिओम -4) पर भारत का पहला मानव मांसपेशी स्टेम सेल प्रयोग और भविष्य की अंतरिक्ष मिशनों के लिए माइक्रोग्रेविटी में सुक्ष्म शैवाल और सायनोबैक्टीरिया के विकास का सत्यापन शामिल है।**
4. **कृषि प्रौद्योगिकी: जीन संपादित अधिक उपज वाले चावल (+20%), चावल की सूखा 'प्रतिरोधी किस्में (अरुण), काबुली चने की जलवायु सहिष्णु किस्में और ट्रांसजीन मुक्त CRISPR-संपादित सरसों शामिल है।**
5. **स्टार्टअप और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र : इसमें 75 बायोनेस्ट (BiONEST) केन्द्र, 19 E-यूवा (E-YOVA) केंद्र, 30 हजार स्टार्टअप, 1300 से अधिक बौद्धिक संपदा (IP) दाखिल और 800+ उत्पादों की वाणिज्यीकरण की और प्रगति शामिल हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जापान और दुर्लभ पृथ्वी खनिज

## चर्चा में क्यों?

- जापान ने अपने गहरे समुद्र में वैज्ञानिक ड्रिलिंग पोत चिक्यू का उपयोग करते हुए लगभग 6000 मीटर की गहराई पर गहरे समुद्र से दुर्लभ पृथ्वी तत्त्वों को निकालने का दुनिया का पहला प्रायोगिक प्रयास शुरू किया है।

## मुख्य बिन्दु:

- **कारण:** यह पहल जापान द्वारा चीन पर अत्यधिक निर्भरता को कम कर जापान को दुर्लभ पृथ्वी खनिजों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए की गई है।
- **NOTE :** चीन के पास वैश्विक दुर्लभ पृथ्वी खनन का लगभग दो तिहाई और परिष्कृत उत्पादन का 90% से अधिक हिस्सा है।
- **खनन : मिनामी तोरिशिया (टोरिशिमा):** यह परीक्षण मिशन प्रशांत महासागर में जापान के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के अन्दर स्थित एक द्वीप मिनामी तोरिशिया के समीप संचालित किया जा रहा है।
- **मिनामी तोरिशिया (टोरिशिमा) में खनिज भंडार :** लगभग 16 मिलियन टन दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के भंडार का अनुमान है।
- इसमें औद्योगिक उपयोग (इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, पवन टर्बाइन और रक्षा) के लिए समुद्र की 200 मीटर से अधिक गहराई से खनिज भंडारों का निष्कर्षण शामिल है जो कि विश्व के समुद्र तल के 2/3 हिस्से को कवर करता है।
- यह खनन 3 विधियों के माध्यम से संचालित होता है?

  1. बहुधात्विक पिंडों का संग्रह
  2. समुद्री तल पर सल्फाइड निक्षेपों का खनन।
  3. कोबाल्ट- समृद्ध पपड़ी का निष्कासन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु :**

- **दुर्लभ पृथ्वी खनिज :** दुर्लभ पृथ्वी तत्त्वों को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स की 'विटामिन' कहा जाता है। यह तत्त्व 15 लैंथेनाइड्स (57-71), स्कैंडियम और यिट्रियम जैसे तत्त्वों का समूह है।

**श्रेणीयाँ:**

1. **हल्के दुर्लभ पृथ्वी तत्त्व (LREEs ):** लेंथेनम, सिरीयम, प्रोसोडियम, नियोडिमियम जैसे तत्त्व।
2. **भारी दुर्लभ पृथ्वी तत्त्व (HREEs ):** यह तुलनात्मक रूप से कम पाये जाते है, इसलिए अधिक मूल्य के होते हैं।

- **भारत का विज़न:** आत्मनिर्भर भारत और विकसित@2047 के तहत् '3M हब' (mining, Minerals $ materials) को महत्त्व दिया जा रहा है।

**प्रयास:**

1. नेशनल मिनरल मिशन
2. क्रिटिकल मिनरल मिशन (IIT बॉम्बे, IIT हैदराबाद, CSIR-IMMT भुवनेश्वर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना)
3. सत्यम्भा पोर्टल (अनुसंधान हेतु डिजिटल मंच)
4. भोपाल में रेयर अर्थ मेटल और टाइटेनियम थीम पर पार्क का विकास।

- **NOTE :** चीन, विश्व के 60% दुर्लभ पृथ्वी तत्त्व हिस्सेदारी के साथ विश्व का सबसे बड़ा REE उत्पादक देश है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## NPS वात्सल्य योजना

### चर्चा में क्यों?

- पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) ने NPS वात्सल्य योजना-2025 के लिए दिशा निर्देश जारी किए है।







उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

**महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

- **नोडल मंत्रालय: केन्द्रीय वित्त मंत्रालय।**
- **विनियामक निकाय: पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA)।**
- **मुख्य उद्देश्य: बच्चों में कम उम्र से ही बचत की आदत डालना और लम्बे समय के लिए अनुशासित निवेश को बढ़ावा देना। इससे बच्चों की वित्तीय सुरक्षा और भविष्य की पेंशन की तैयारी सुनिश्चित हो सकेगी।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## जलीय कृषि : भारत-इजराइल संयुक्त मंत्रिस्तरीय घोषणा

### चर्चा में क्यों?

- "ब्लू फूड सिक्योरिटी : सी द फ्यूचर, 2026 " विषय पर आयोजित दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन में भारत और इजराइल ने मत्स्य पालन और जलीय कृषि में सहयोग को गहरा करने के लिए एक संयुक्त मंत्रिस्तरीय आशय घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

### मुख्य बिन्दु:

**मत्स्य पालन और जलीय कृषि पर घोषणापत्र के मुख्य प्रावधान :**

1. **उत्पादकता व लचीलेपन को बढ़ावा देना :** पुनर्संचारी मत्स्य पालन प्रणाली (RAS), पिंजरा संस्कृति, एक्वापोनिक्स, बायोक्लॉक, समुद्री कृषि व शैवाल की कृषि को प्राथमिकता देकर उत्पादकता व लचीलेपन को बढ़ावा देना ।
2. **संयुक्त अनुसंधान व नवाचार :** आनुवांशिक सुधार, रोगजनक मुक्त बीज उत्पादन, पशुधन प्रजनन आदि पर संयुक्त अनुसंधान व नवाचार को शामिल किया गया।
3. भारत - इजराइल उत्कृष्टता केंद्रों का निर्माण।
4. सतत् मत्स्य पालन, क्षमता निर्माण व विकास, व्यापार सुगमीकरण तथा खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु संयुक्त सहयोग।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

**मत्स्यपालन व जलीय कृषि : भारत के संदर्भ में;**

- **भारत की वैश्विक स्थिति :** चीन के बाद विश्व का 2nd सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक देश (8% योगदान)
- **2023-24 में 'मत्स्य उत्पादन :** 184.02 लाख टन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## निर्यात तैयारी सूचकांक, 2024

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, नीति आयोग ने भारत के निर्यात आधारित विकास को गति देने के लिए भारतीय राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की तैयारियों का आकलन करने के लिए निर्यात तैयारी सूचकांक, 2024 जारी किया है।

### मुख्य बिन्दु:

- **परिचय :** यह भारत के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों का निर्यात तत्परता, प्रतिस्पर्धा और संस्थागत क्षमता के आधार पर मूल्यांकन करता है।
- **प्रकाशक :** नीति आयोग, भारत सरकार
- **संस्करण:** $4^{th}$
- **उद्देश्य:** साक्ष्य आधारित बुनियादी ढाँचा तैयार कर निर्यात, रोजगार, क्षेत्रीय विकास और वैश्विक मूल्य श्रृंखला के साथ एकीकरण को बढ़ावा देना।
- **मापदंड:**
  - 4 स्तंभ
  - 13 उपस्तंभ
  - 70 संकेतक

**स्तंभ :-**

| स्तंभ | हिस्सा | केंद्रित |
|---|---|---|
| निर्यात अवसंरचना | 20% | रसद, कनेक्टिविटी, औद्योगिक अवसंरचना। |
| व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र | 40% | वृह्द अर्थव्यवस्था, प्रतिस्पर्धा, मानव पूँजी, वित्त, MSMEs नवाचार इत्यादि पर। |
| नीति व शासन | 20% | राज्य की निर्यात नीतियाँ, नियामक संस्थाएँ इत्यादि। |
| निर्यात प्रदर्शन | 20% | निर्यात परिणाम, बाजार तक पहुँच, परिवहन तंत्र, विविधीकरण इत्यादि। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह सूचकांक राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को लीडर्स, चैलेंजर्स और एस्पायर्स के रूप में वर्गीकृत करता है।

**EPI, 2024 में शीर्ष प्रदर्शक राज्य व UT:**

| रैंक | बड़े राज्य व UT | छोटे राज्य व UT |
|---|---|---|
| 1st | महाराष्ट्र | उत्तराखंड |
| 2nd | तमिलनाडु | जम्मू और कश्मीर |
| 3rd | गुजरात | नागालैंड |
| 4th | उत्तरप्रदेश | दादरा और नगर हवेली और दमन व दीव |
| 5th | आन्ध्रप्रदेश | गोवा |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वैश्विक आर्थिक संभावनाएँ रिपोर्ट

## चर्चा में क्यों?

- विश्व बैंक ने वैश्विक आर्थिक संभावनाएँ शीर्षक से रिपोर्ट जारी की है।



## मुख्य बिन्दु:

- यह रिपोर्ट वर्ष में दो बार (जनवरी और जून) प्रकाशित की जाती है। यह वैश्विक आर्थिक संवृद्धि की संभावनाओं का आकलन करती है।
- **भारत की संवृद्धि दर:** वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7.2% की संवृद्धि दर का अनुमान है। जून, 2025 की रिपोर्ट में 6.3% संवृद्धि दर का अनुमान लगाया था।
- **उच्च संवृद्धि दर के कारण:** मजबूत घरेलू माँग, निजी उपयोग व्यय का बढ़ना, कराधान में सुधार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में वास्तविक घरेलू आय में वृद्धि।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# रोजगार और सामाजिक रुझान-2026 रिपोर्ट

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने रोजगार और सामाजिक रुझान-2026 रिपोर्ट जारी की।



## मुख्य बिन्दु:

### रिपोर्ट में भारत से संबंधित निष्कर्ष:

- **विनिर्माण क्षेत्रक:** वैश्विक विनिर्माण क्षेत्रक में भारत की हिस्सेदारी लगभग 3 प्रतिशत है।

### नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रक में रोजगार:

- भारत, जापान और दक्षिण कोरिया सम्मिलित रूप से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रक में रोजगार सृजन में वृद्धि में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं।
- भारत में हरित क्षेत्रक के कौशल से प्रशिक्षित कामगारों की माँग अधिक है लेकिन इनकी संख्या कम है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **माइकोराइजल नेटवर्क**<br>▪ अमरिकी जीव विज्ञानी टोबी कियर्स को माइकोराइजल नेटवर्क पर शोध कार्य के लिए टायलर पर्यावरण उपलब्धि पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया।<br>▪ टायलर पुरस्कार को पर्यावरण के क्षेत्र का नोबल पुरस्कार भी कहा जाता है। |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR